# हर जिले में 1000 नई इकाइयों का लक्ष्य, अनुदान और छूट भी मिलेगी

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को औद्योगिक हब के रूप में विकसित करने की तैयारी कर रही है। खाद्य प्रसंस्करण नीति के जरिए निवेश, रोजगार और निर्यात को गति देने का लक्ष्य है। सरकार का उद्देश्य प्रदेश के हर जिले में 1000 नई इकाइयां स्थापित करना है, यानी कुल 75,000 नई इकाइयां स्थापित की जाएंगी। इसके लिए हल्दी, आम, आंवला, मिर्च, नमकीन और दुग्ध प्रसंस्करण पर विशेष फोकस किया जा रहा है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को यूपी मे औद्योगिक हब के रूप मे विकसित करने की तैयारी

**1.55 लाख हो जाएंगी इकाइयां :** वर्तमान में असंगठित क्षेत्र में लगभग 3.50 लाख खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां सक्रिय हैं और संगठित क्षेत्र में 80,000 से अधिक इकाइयां कार्यरत हैं। प्रदेश में 15 एग्रो-फूड प्रोसेसिंग पार्क भी विकसित किए जा रहे हैं। संगठित क्षेत्र की 3000 से अधिक इकाइयों का वार्षिक टर्नओवर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा है और यह क्षेत्र करीब 2.55 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार देता है। 75,000 नई इकाइयों के जुड़ने से संगठित क्षेत्र की कुल इकाइयां 1.55 लाख हो जाएंगी।